RAHAT TIMES
Lucknow, Thursday, November 10, 2011

एलपीएस बना टीसीएस आईटी विजेता

राहत टाइम्स संवाददाता

लखनऊ 9 नवम्बर। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज टीसीएस द्वारा आयोजित टीसीएस आई टी बिज को उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखण्ड के 100 से भी अधिक विद्यालयों से जबरदस्त उत्साह वर्धक प्रतिक्रिया प्राप्त हुई। 200 से भी अधिक छात्रों से खचाखच भरें गडके सभागार में छात्र छात्राओं ने देश की सबसे बड़ी क्रिज ने टीसीएसआईटी बिज में भाग लिया। लखनऊ के अतिरिक्त देहरादून नैनीताल कानपुर इलाहाबाद फैजाबाद वाराणसी व गोरखपुर सहित उत्तराखण्ड एवं उत्तर प्रदेश के विभिन्न शहरों मे स्कूल में पढ़ने वाले छात्रों की टीम ने इस प्रतियोगिता में सहभागिता की। रोमांचक प्रिलिम्मस और कुछ भीषण एंव तीव्र प्रतियोगिता के दौर के उपरांत प्रियांशू अग्रवाल एंव हिमाशू एलपीएस सेक्टर डी कानपुर रोड स्कूल की टीम प्रतिष्ठित विजेता ट्राफी एंव एक गैलेक्सी टैब एवं डीजिटल कैमरा प्रत्येक सदस्य से सम्मानित हुए। उनके निकटतम प्रतिद्वंदी सेठ एमआर जयपुरिया के अंश और समरिद्ध कुदेशिया ने उपविजेता के रूप में आईपोड के साथ साथ रन्नर अप ट्राफी प्राप्त की। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि अनूप मिश्रा आईएएस मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश संरकार एवं सम्मानित अतिथि प्रो मनोज कुमार मिश्रा कुलपति लखनऊ विश्वविद्यालय ने जयंत कृष्णा हेट टीसीएस लखनऊ के साथ ट्राफियां और पुरस्कार वितरित किये। इन सभी अतिथियों ने छात्र छात्राओं की आईटी ज्ञान को सराहा। लखनऊ देश मे आईटी क्वीजिंग में एक सर्वोच्च स्थल के रूप में उभरा है और टीसीएस आईटी विज में देश में दूसरे स्थान पर था।